<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- आगामी पर्व, त्योहारों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की तैयारियों की समीक्षा। कहा– परम्परा के विरूद्ध न हो कोई कार्य।
- कानपुर के बिठूर महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। युवा उद्यमियों को ऋण वितरित कर बोले– सरकार की व्यावहारिक और पारदर्शी नीतियों से हो रहा राज्य का सर्वांगीण विकास।
- केन्द्रीय खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने लखनऊ में फिट इण्डिया संडे ऑन साइकिल अभियान की शुरूआत की। दैनिक जीवन में नियमित व्यायाम और साइकिलिंग पर दिया जोर।
- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा–अस्सी प्रतिशत लोग एक राष्ट्र एक चुनाव प्रणाली के समर्थन में।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्व एवं त्योहारों के दृष्टिगत कल रात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, ईद–उल–फितर और बैशाखी आदि महत्वपूर्ण पर्व–त्योहार आने वाले हैं। राज्य में विगत आठ वर्षों में सभी धर्म–सम्प्रदाय के पर्व–त्योहारों के आयोजन शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुए हैं। इस क्रम को आगे भी बनाये रखना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि परंपरा के विरुद्ध कोई भी कार्य न किया जाए। अराजकता फैलाने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कड़ाई से पेश आएं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अलविदा की नमाज के मौके पर विशेष सतर्कता बरती जाए और ईद के अवसर पर साफ–सफाई, स्वच्छता व पेयजल की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि श्रीरामनवमी पर अयोध्या और चैत्र नवरात्रि के मौके पर माँ विंध्यवासिनी धाम, देवीपाटन धाम, सहारनपुर में माँ शाकुम्भरी धाम व सीतापुर में भी बड़ी संख्या में लोग आएंगे। आस्था और उल्लास के इन महत्वपूर्ण पर्वों के आयोजन को सुशासन, सुव्यवस्था का उदाहरण बनाया जाना चाहिए। उन्होंने देवी स्थलों पर महिला पुलिस कार्मिकों की विशेष तैनाती करने के भी निर्देश दिए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल कानपुर के बिठूर महोत्सव में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कानपुर के एक हजार तीन सौ दो उद्यमियों को पांच करोड़ बयालिस लाख रूपये का ऋण प्रदान किया। उन्होंने नवनियुक्त तीन सौ उन्तीस आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र और मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के एक सौ सत्ताइस लाभार्थियों को छह करोड़ पैंतीस लाख रूपये की सहायता राशि भी दी। कानपुर नगर की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने विकास कार्यों और कानून–व्यवस्था की स्थिति की भी जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कानपुर शहर में चल रही विकास परियोजनाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने चुन्नीगंज में निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर और चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की व्यावहारिक और पारदर्शी नीतियों से प्रदेश लगातार सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है। कानपुर भी विरासत और विकास के साथ जुड़ने वाले महानगर के रूप में तेजी से बढ़ रहा है।

***कानपुर में यहां पर औद्योगिक वातावरण बनाने के लिए फिर से डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर का निर्माण का कार्य हो रहा है। एम्यूनिशन मैन्युफैक्चरिंग का काम यहां प्रारंभ हो गया है। यहां पर टेक्सटाइल के नए हब के रूप में विकसित करने के लिए फ्लैटेड फैक्ट्री का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। अगले दो–तीन महीने के अंडर रेडीमेड गारमेंट के एक नये केन्द्र के रूप में कानपुर फिर से विकसित होने जा रहा है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के कल आठ वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इसे लेकर सरकार प्रदेश भर में कल से सत्ताइस मार्च तक तीन दिवसीय भव्य आयोजन कर रही है। सभी जिलों में उत्तर प्रदेश–भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर विकास उत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में आज दिन में ग्यारह बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के लोकभवन ऑडिटोरियम में मीडियाकर्मियों से बातचीत कर विगत आठ वर्षो की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे। कल प्रदेश के सभी जिलों में प्रभारी मंत्रियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में तीन दिवसीय विकास मेले और प्रदर्शनी का शुभारम्भ होगा।

**********

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल कल आगरा में दो दिवसीय पैंतालिसवें अखिल भारतीय रबी–तिलहन सेमिनार के समापन समारोह में शामिल हुये। सेमिनार में देश भर से एक हजार दो सौ से अधिक तेल व्यवसाय से जुड़े व्यापारी और उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया।

**********

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कल लखनऊ में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने फिट इंडिया आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान करते हुए दैनिक जीवन में नियमित व्यायाम और साइकिलिंग पर जोर दिया।

***फिट इंडिया मूवमेंट में हर वीक संडे ऑन साइकिल समग्र देश में एक मूवमेंट के रूप में चल पड़ा है। देश के युवा, देश के बुजुर्ग, देश के सब लोग संडे एक घंटे के लिए अपने स्वयं को फिट रखने के लिए साइकिलिंग करते हैं। राज्य के साथी स्पोर्टस मिनिस्टर गिरीश यादव जी के साथ एक हजार युवाओं के साथ लखनऊ में ओबीसिटी के अगेंस साइकिलिंग करके अपने स्वयं को फिट रखने के लिए संदेश दिया। साइकिल पलूशन का सलूशन भी है। साइकिल फिट रहने का मंत्र है। साइकिलिंग से मेंटली और फिजकली फिटनेस भी बढ़ती है। साइकिलिंग से फ्यूल की बचत होती है इसलिए मैं देश के सभी नागरिक को आह्वान करता हूं कि हर संडे एक घंटे के लिए साइकिलिंग करें और अपने को स्वयं फिट रखें।***

**********

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है कि एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर देश के अट्ठारह हजार छः सौ इक्कीस लोगों के बीच हुए एक सर्वे में करीब अस्सी प्रतिशत लोगों ने इस प्रस्तावित चुनाव प्रणाली का समर्थन किया है। पूर्व राष्ट्रपति कल लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के व्यापारी महाकुंभ सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। वह एक राष्ट्र एक चुनाव कमेटी के अध्यक्ष भी हैं।

**********

अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में उत्तर भारत की पहली विश्वस्तरीय नवजात हृदय रोग गहन चिकित्सा इकाई जल्द बनकर तैयार हो जायेगी। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज का शुमार भारत के बड़े सरकारी अस्पतालों में होता है जहां पर रोजाना चार से पांच हजार मरीज इलाज के लिए आते हैं और अब जेएनएमसी के हृदय व वक्ष शल्य चिकित्सा विभाग ने भारतीय तेल निगम लिमिटेड के साथ समझौता किया। इसके तहत आधुनिक नवजात व शिशु हृदय रोग गहन चिकित्सा इकाई बनेगी। सीआरएस योजना के तहत इंडियन ऑयल कंपनी ने आईसीयू की स्थापना के लिए 12 करोड़ रूपये की आर्थिक मदद की है। हृदय और वक्ष शल्य चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर आजम हसीन ने बताया कि मेडिकल कॉलेज उत्तर प्रदेश का एक मात्र बाल हृदय केंद्र है जहां राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जाती है। रजनीश सिंह आकाशवाणी समाचार अलीगढ़।***

**********

इस सप्ताह प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। यह जानकारी मौसम विज्ञान विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने आकाशवाणी को दी।

***एक हफ्ते के दौरान प्रदेश में कोई भी सक्रिय मौसम तंत्र नहीं रहेगा, जिस कारण दिन में तेज धूप निकलने से दिन का अधिकतम तापमान चार पांच दिनों के दौरान क्रमिक तौर पर तीन से पांच डिग्री बढ़ जायेगा और दिन में कीरणीय ऊष्मन अधिक होने तथा तापमान में वृद्धि के कारण रात का न्यूनतम तापमान भी तदनुसार दो से चार डिग्री क्रमिक तौर पर तीन चार दिनों में बढ़ जायेगा। मौसम पूर्ण रूप से शुष्क बने रहने की संभावना है।***

**********

सम्भल में बीते वर्ष चौबीस नवम्बर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुयी हिंसा के मामले में पुलिस ने मस्जिद इंतेजामियां कमेटी के सदर जफर अली को कल गिरफ्तार कर लिया। उनपर भीड़ को हिंसा के लिये भड़काने का आरोप है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने उन्हें दो दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

**********